हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 28 सितंबर 2025

04 अमृत संचय अभियानः जनभागीदारी से जल ...



07 मोबाइल स्वदेशी टावरों का लाभ ललितपुर...





## खबर संक्षेप में

### स्वच्छता श्रमदान के लिए किया पूजन

**सीहोर।** सेवा पखवाड़ा के तहत जिले में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के ग्राम पाटन में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल की बालिकाओं द्वारा स्वच्छता समूह गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही ग्राम पाटन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सीईओ नमिता बघेल सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### निःशुल्क प्रोजेक्ट कोड कंप्यूटर प्रशिक्षण 30 से

**सीहोर।** तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सीहोर के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में 30 अक्टूबर से आमजन के लिए निशुल्क प्रोजेक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य उपलब्ध कंप्यूटर संसाधनों तथा इंटरनेट सुविधाओं तक आमजन की पहुंच को सुगम बनाना और एक इस प्रकार के ढांचे का निर्माण करना है जिसमें तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास संस्थानों के कम्प्यूटरों को कार्यालयीन समय के अतिरिक्त आमजन के उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जा सकें। ताकि वे कम्प्यूटर से संबंधित शिक्षा प्राप्त कर सकें और तकनीकी ज्ञान ले सकें।

### पहले रोगी और बुजुर्गों को भोजन दें: पं. मिश्रा

**सीहोर।** सबसे से पहले रोगी और बुजुर्गों को भोजन दे यह एक धार्मिक मान्यता है जिसका अर्थ है कि किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले, जैसे भगवान को भोग लगाना या कोई भी अनुष्ठान करना, हमेशा जरूरतमंद लोगों, खासकर बीमार और वृद्धों, को भोजन कराना चाहिए क्योंकि उनकी सेवा करना सबसे बड़ा धर्म और परोपकार का कार्य है। यह मानवतावादी दृष्टिकोण पर आधारित है कि पहले जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए। आपके घर में कोई अनुष्ठान हो रहा है और उस दौरान पूजन अर्चना में लेट हो रहे हैं तो सबसे पहले आपके घर में कोई रोगी है और बुजुर्ग है तो उसे सबसे पहले कुछ खाने-पीने की व्यवस्था करना चाहिए, यह उसके लिए औषधी है। उक्त विचार आनलाइन चर्चा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। शुक्रवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर सुबह करीब चार क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी का भोग लगाया गया और उसके पश्चात नियमित रूप से भंडारे में पहुंचे श्रद्धालुओं को भोजन के साथ मावे की बर्फी की प्रसादी का वितरण किया गया। आनलाइन चर्चा के दौरान पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि कुबेरेश्वरधाम पर कंकर-कंकर भी शंकर है।

### मां की एक झलक पाने को भक्त दिखे आतुर, लगी रही लंबी-लंबी लाइन

# पीतांबरा सिद्धपीठ बगलामुखी मंदिर पर शनिवार को 50 हजार भक्त पहुंचे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शारदीय नवरात्रि के छठे दिवस शनिवार को नगर में स्थित सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। इस दिन 50 हजार की संख्या में भक्त मां के दरबार में पहुंचे। मंदिर परिसर के अंदर व सिंह द्वार से मंदिर मार्ग के मुख्य द्वार तक भक्तों की भारी भीड जमा थी। पर्व के इन दिनों में मातारानी का प्रतिदिन मनोहारी श्रृंगार किया जा रहा है। माता के हो रहे इस स्वर्ण श्रृंगार रूप का दर्शन करने के लिए यहां पहुंच रहे भक्त लाईन में खड़े रहकर माता की एक झलक पाने को आतुर रहते हैं। वहीं भक्तो की अपार भीड़ को देखते हुवे प्रशासन द्वारा नवरात्रि पर्व के इन दिनों में गर्भगृह में प्रवेश बंद कर दिया है, भक्तों को सभा मंडप के बाहर से ही माता रानी के दर्शन करना पड़े। मंदिर परिसर में भक्त अपनी मनोकामना को लेकर हवन-अनुष्ठान भी कर रहे हैं। हवन कराने वाले भक्तों को भी इंतजार करना पड़ रहा है।

नवरात्रि पर्व पर मां बगलामुखी मंदिर व मंदिर मार्ग पर श्रद्धा उमड़ रही है, वहीं चारो ओर से भक्तों का तांता माता के दर्शन हेतु लगा हुआ है। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर माता मंदिर को फूलो से सजाया गया। वहीं मंदिर व परिसर क्षेत्र में आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई। शनिवार को भी प्रातःकालीन आरती के बाद से ही भक्तों की कतारे मंदिर में लगना प्रारंभ हो गई थी, जो देर शाम तक जारी थी। भक्तों को मातारानी के दर्शन के लिए लाईन में खडे रहकर प्रतिक्षा करना पडी। इस दौरान तहसील क्षेत्र के कई स्थानो के साथ ही देश व प्रदेश के कई स्थानो से 50 हजार से अधिक भक्त मंदिर में दर्शन हेतु पहुंचे। कई भक्तो द्वारा मां के दरबार में विशेष पूजन ,हवन-अनुष्ठान कर मां के दरबार में मन्नते मांगी गई। मान्यता है कि मां के समक्ष सच्चे मन से भक्त जो भी मनोकामना करता है, मातारानी उसे अवश्य ही पूर्ण करती है। यही कारण है कि उक्त मंदिर देश के साथ विदेशों में भी अपनी ख्याति प्राप्त कर रहा है तथा दिन-प्रतिदिन भक्तों की आस्था इस मंदिर को लेकर बढ रही है। मंदिर परिसर में पर्व के इन दिनों में प्रतिदिन 800 से लगाकर 1000 के लगभग हवन हो रहे हैं। इन हवन कुण्डों पर भक्तों द्वारा दी जा रही आहूति व पंडितों द्वारा किए जा रहे मंत्रों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा है। हर कोई माता की भक्ति में लीन दिखाई पड़ रहा है।

**मां के दर पर लहराई सजीली चूनर-** नवरात्रि पर्व के दौरान माता मंदिर पर विभिन्न स्थानों से चूनर यात्राओं का आगमन हो रहा है। शनिवार को भी कई स्थानों से माता भक्तों द्वारा चूनर यात्रा निकाली गई। यात्रा में बडी संख्या में महिलाए तथा माता भक्त माता के जयकारे लगाते हाथों चूनर थामे नंगे पैर शामिल थे।

### लाभार्थी परिवारों का समिति द्वारा किया जा रहा सम्मान

सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में भंडारे के लाभार्थी परिवारों का सम्मान समिति सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। इसी के साथ प्रतिदिन कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन भी हो रहा है। शक्ति की आराधना के पर्व



चैत्र नवरात्रि पर प्रति नवरात्रि अनुसार पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए निःशुल्क भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस भंडारा परिसर में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे माता रानी के चित्र के सम्मुख मां बगलामुखी हवन हो रहा है। इसके पश्च्यात प्रातः 10 बजे कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन हो रहा है। तत्पश्चात भंडारा प्रारंभ होता है। जिसमें प्रतिदिन हजारों माता भक्तों द्वारा प्रसादी का लाभ लिया जा रहा है। इसके पूर्व सैकड़ो कन्याओं का समिति सदस्य व अन्य भक्त गण पूजन कर उन्हें उपहार प्रदान कर रहे है तथा उन्हें भोजन करवा रहे हैं। नवरात्रि पर्व के दौरान भंडारा परिसर में प्रतिदिन समिति सदस्यों द्वारा लाभार्थी परिवारों का सम्मान कर मां बगलामुखी का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया जा रहा है।

### बड़ागांव स्थित मां चामुंडेश्वरी माता मंदिर पर बड़ी संख्या में पहुंच रहे भक्त



**नलखेड़ा।** ग्राम बड़ागांव स्थित मां चामुंडेश्वरी माता मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान बड़ी संख्या में भक्त दर्शनार्थ पहुंच रहे हैं। मंदिर में स्थित माता रानी प्रतिमा का प्रतिदिन मनोहारी श्रृंगार कर भक्तों द्वारा हवन अनुष्ठान किए जा रहे हैं। नगर से 18 किलोमीटर दूर कस्बा बड़ागांव में स्थित प्राचीन एवं चमत्कारी मां चामुंडेश्वरी माता का मंदिर है। जहां वर्ष की दोनों नवरात्रि चैत्रीय एवं शारदीय नवरात्रि पर बड़ी संख्या में भक्तगण दर्शन एवं हवन अनुष्ठान के लिए पहुंचते हैं। नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर में मंगला एवं संध्याकालीन आरती में भी बड़ी संख्या में भक्तगण भाग ले रहे हैं।

### नवकार महामंत्र महापूजन कार्यक्रम

## नवकार महामंत्र जाप अभियान की पूर्णाहुति पर शोभायात्रा निकाली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी मंडल की प्रेरणा से विश्व शांति, जनकल्याण, संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि की भावना के साथ 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलश यात्रा का कार्यक्रम समाज में चल रहा था। इस महामंत्र जाप अभियान की पूर्णाहुति पर जैन समाज द्वारा शनिवार को नगर में नवकार मंगल कलश की शोभा यात्रा निकाल कर, श्री नवकार महामंत्र महापूजन कार्यक्रम भी रखा गया।



जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित रत्न निधि म.सा.व पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा-05 की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में नलखेड़ा की पुण्य धरा पर विश्व शांति हेतु घर-घर नवकार, हर घर नवकार। संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि दायक, आधि व्याधि उपाधि नाशक, महा प्रभावकारी 68 दिवसीय श्री नवकार महामंत्र जाप महा अभियान के तहत नवकार मंगल कलश प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां श्री संघ के साथ ले जाया जा रहा था। इस जाप अभियान की पूर्णाहुति 26 सितंबर को हुई। शनिवार को प्रातः 8 बजे से जैन आराधना भवन पर 68 दिवसीय नवकार कलश के लाभार्थी परिवारों के साथ मंगल कलश के मुख्य लाभार्थी देवचंद विपिन कुमार ठाकुरिया परिवार द्वारा श्री नवकार महामंत्र महापूजन विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न किया। तत्पश्चात उपाश्रयजी से नवकार मंगल कलश की शोभायात्रा नगर में निकाली गई। शोभायात्रा में लाभार्थी ठाकुरिया परिवार सुसज्जित रथ पर नवकार मंगल कलश लेकर विराजित था। वही कलात्मक रथ पर प्रभुजी को विराजित किया गया था। स्थान स्थान पर परमात्मा के समक्ष गहूली की गई।

शोभायात्रा में साध्वी मंडल के साथ बड़ी संख्या में समाज जन एवं महिलाएं भी शामिल थी। चंद्रप्रभु बहू मंडल की सदस्याएं मंडल के ड्रेस कोड में घोष बैड बजाते हुए चल रही थी वहीं अन्य सदस्याएं हाथों में अष्ट मंगल के प्रतीक चिन्ह लेकर चल रही थी। नगर भ्रमण कर मंगल कलश को लाभार्थी ठाकुरिया परिवार के घर पर श्री संघ एवं साध्वी मंडल के साथ ले जाया जाकर विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ स्थापित किया गया। श्री संघ की ओर से लाभार्थी ठाकुरिया परिवार का बहुमान किया गया। इस अवसर पर श्री संघ की ओर से जैन धर्मशाला में स्वामी वात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा गया।



320 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन, स्वास्थ्य शिविर में 45 यूनिट रक्तदान किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश देहलवार के निर्देशन में एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ महेश निगवाल के मार्गदर्शन में मेडिकल ऑफिसर डॉ दिव्यांक सोनी की उपस्थिति में शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कानड़ में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।स्वास्थ्य शिविर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत में भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, अंतर सिंह राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष, दिनेश बिजापारी, पार्षद मांगू बाई आर्य, बने सिंह चौहान,



विजयलक्ष्मी माली, कविता शर्मा जिला पंचायत सदस्य मुकेश केलकर एवं अन्य पदाधिकारी की उपस्थिति में सरस्वती मां तस्वीर पुष्प माला दीप प्रज्वलित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में 45 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी, महिलाओं, आम जनता, समाज सेवक रक्तदान शिविर में प्रेस क्लब का विशेष योगदान रहा एवं बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। शिविर में 320 मरीज का पंजीयन किया गया जिसमें नेत्र रोग, नाक कान, स्त्री रोग गैर संचारी रोग एवं अन्य बीमारियों के मरीजों की निशुल्क जांच एवं उपचार किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जिला अस्पताल से विशेषज्ञ डॉ रामलाल मालवीय, डॉ शशांक सक्सेना, डॉ सरदार एसके, डॉ आशा सोलंकी, राजेश कुमार गोयल, ब्लड बैंक इंचार्ज स्मिता चतुर्वेदी, लैब टेक्नीशियन विवेक शर्मा, काउंसलर दीपक बर्डे द्वारा निशुल्क परीक्षण, जांच व उपचार प्रदान किया गया। विकासखंड आगर की समस्त आशा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइजर, एएनएम, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर द्वारा हितग्राहियों को मोटिवेट कर सहयोग प्रदान किया।

### दिगंबर जैन समाज में चल रहा समवशरण मंडल विधान पूजन का कार्यक्रम

# 'भगवान और भक्त का रिश्ता निष्काम भाव वाला होता है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में भगवान का समवशरण लगा हुआ है, संसार के सब प्राणी सुखी रहना चाहते हैं। लेकिन मनुष्य सुख के लिए क्या सोचता है। अगर भूखे को भोजन मिल जाए तो वह सुखी मान लेता है, धन प्राप्त करने में सुखी मानता है। यदि धन से सुख मिलता तो धन नष्ट होने पर वह दुःखी क्यों होता। सुख कभी नष्ट नहीं होता है। वह केवल क्षणिक सुख है, सुख का आभास है। सच्चा सुख की हम परिभाषा नहीं जानते। कार्य अच्छे नहीं करें और सुख की अभिलाषा करें तो वह सुख कैसे प्राप्त करेगा। यदि आपको सुख प्राप्त करना है तो भगवान की भक्ति करना पड़ेगी। भगवान और भक्त का रिश्ता निःस्वार्थ होता है।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज ससंघ विराजित है। मुनि संघ की पावन निश्रा में त्यागी भवन में चल रहे समवशरण मंडल विधान पूजन में प्रवचन में





यह बात मुनिश्री द्वारा कही गई। मुनि श्री ने कहाकि सभी सुख की अपेक्षा करते हैं। हम संसारी प्राणी को कम से कम संकल्पी हिंसा का तो त्याग करना ही चाहिए।तीव्र हिंसा के लिए हम आलोचना पाठ करते हैं, हम जीवन में अधिकतर हिंसा के कार्य करते हैं फिर भी सुख की चाह रखते हैं। उन्होंने कहाकि आज का नया यंत्र मोबाइल सबसे ज्यादा झूठ बुलवा रहा है। हम उस मोबाइल को हमेशा साथ रखते हैं। हमें मोबाइल का सदुपयोग करना चाहिए। यदि आपको सुख प्राप्त करना है तो भगवान की भक्ति करना पड़ेगी। भक्तों को भगवान की भक्ति करने में आनंद आता है। भगवान के प्रति आत्म जागृति आने पर आनंद उत्पन्न होता है। भगवान और भक्त का रिश्ता निःस्वार्थ होता है।

मुनिश्री ने कहाकि जीवन में आत्म रुचि पैदा होने पर मंदिर आने के बाद मंदिर से जाने की इच्छा नहीं होती है। लेकिन पापी पेट के लिए मनुष्य संसार में लगा रहता है। उपवास के समय लोग टीवी आदि देखकर पाप बंध करते हैं। उपवास का मतलब मात्र भूखा नहीं रहना है। जिन्हें ज्ञान नहीं होता वह भक्ति के समय भगवान से संसार के सुख मांगता है। सेठ और सेवक के दृष्टांत से निःकाक्षित भाव को मुनिश्री ने समझाया। उन्होंने कहा कितने भवों में कितने पुण्य करने पर ही आज हम सब भगवान के इस समवशरण में बैठे हैं। छैः मुनिराजों का सानिध्य भी हमें पुण्य से प्राप्त हो रहा है। पृथ्वी से 5000 योजन अर्थात 20 हजार हाथ ऊपर कुबेर भगवान के समवशरण का निर्माण इंद्र नीलमणी से करता है। 20 हजार सीढ़ियां उसमें होती है। जिससे विकलांग जीव भी समवशरण में पहुंच सके। मुनिश्री ने कहाकि या तो ऋषि बनो या सद् गृहस्थ बनो। दान चार प्रकार का होता सुपात्रों को आहार दान देना श्रेष्ठ दान माना गया है। सुपात्र मुनिराज को माना जाता है। दानदाता सुपात्रों को दान देने पर तीर्थंकर प्रकृति का बंध करता है। आज का दान कई भवों तक आपको लाभ देगा। एक बुराई हमें कई भवों तक दुःख देती है। भगवान की भक्ति से हमें कई सुखों की प्राप्ति होती है। भगवान की भक्ति से भक्त भगवान बन सकता है।

### दिगंबर जैन समाज में समवशरण महा मंडल विधान पूजन का आयोजन

# भरत चक्रवर्ती हाथी पर विराजित होकर लाव लश्कर के साथ दिग्विजय यात्रा पर निकलेंगे आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

दिगंबर जैन समाज में नौ दिवसीय समवशरण महामंडल विधान पूजन व विश्व शांति महायज्ञ का कार्यक्रम चल रहा है। प्रतिदिन समाजजनों के साथ सौधर्म इंद्र-इंद्राणी व अन्य इंद्रों द्वारा मंडल विधान की पूजा अर्चना कर तीर्थंकर परमात्मा की पूजा-अर्चना तथा अभिषेक किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को अयोध्यापति चक्रवर्ती महाराजा भरत हाथी पर विराजित होकर पूरे लाव लश्कर के साथ नगर में दिग्विजय यात्रा पर निकलेंगे।

नगर में पहली बार दिगंबर जैन समाज में मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ससंघ की प्रेरणा व पावन निश्रा में आचार्य विराग सागर महाराज के आशीष व आचार्य विशुद्ध सागर



महाराज के आशीर्वाद से विराग विवर्धन चातुर्मास समिति तथा दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में 22 सितंबर से नौ दिवसीय समवशरण महामंडल विधान की पूजन का कार्यक्रम चल रहा है।

आयोजन के तहत आज दोपहर 1:30 बजे चौक बाजार स्थित त्यागी भवन से अयोध्यापति भरत चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा लाव लश्कर के साथ नगर में निकाली जाएगी। दिग्विजय यात्रा में आगे-आगे बैंड सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देते हुए चलेंगे। इसी के साथ धर्म ध्वजा, राज कर्मी, ढोल, ताशा, डीजे बैड के साथ 10 अश्वरोही रहेंगे। जो हाथों में धर्म ध्वजा लेकर आगे आगे चलेंगे। दिग्विजय यात्रा में राजगुरु वाहन, चक्रवर्ती गज, सुदर्शन चक्र, 4 सुसज्जित रथ, राज सैनिक, पद सेना के साथ समाज की महिला मंडल, बहू मंडल की सदस्याएं ड्रेस कोड में अनुशासन बंध चलेगी। प्रमुख मार्ग से चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा शिवाजी चौराहे तक पहुंचेगी। जहां से पुनः त्यागी भवन पहुंचेगी। जहां पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

### मुनिश्री ने किया केश लोचन

गणधर मुनि विवर्धन सागर जी महाराज ने शुक्रवार को त्यागी भवन में अपना केश लोचन स्वंय अपने हाथों से किया।

## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित

**देवास।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सरोजिनी जेम्स बैक के मार्गदर्शन , डबल्यूएचओ एनटीइपी कंसलटेंट डॉ.संकल्प राज चौधरी एवं कॉलेज प्राचार्य सर्वपाल सिंह राणा, एनसीसी प्रभारी डॉ संजय घाडगे,डॉ संजय बरौनियां, एनएसएस प्रभारी राकेश खोतिया,जिला क्षय केंद्र स्टाफ,टीबी चैंपियन एवं तुमुल एनजीओ की उपस्थिति में विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ.संकल्प चौधरी एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ.अमरीन शेख द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (कृष्णजीराव पवार स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय) में एनसीसी एवं एनएसएस कैंडिडेट्स का टीबी के मरीजों को मनोसामाजिक समर्थन हेतु निक्षय मित्र बनने हेतु उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण किया गया तथा प्रशिक्षण पश्चात रैली का सफलता पूर्वक आयोजन भी किया गया।सभी वॉलंटियर्स को टीबी की बीमारी,उपचार,इलाज एवं पोषण संबंधी जानकारी दी गई एवं साथ सिकल सेल तथा थैलीसीमिया के बारे में बताया गया।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ

**देवास।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में जिला जेल देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव द्वारा बंदियों को उनके अधिकार एवं निशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। शिविर में व्यवहार न्यायाधीश कुंवर युवराज सिंह एवं उप जेल अधीक्षक एवं जेल स्टॉफ उपस्थित था।

पानी बचाने में देवास देश में नौवें स्थान पर, पुरस्कार में मिलेगी 25 लाख की राशि

# अमृत संचय अभियानः जनभागीदारी से जल संरक्षण के लिए दिया गया सम्मान

जल शक्ति मंत्रालय ने बेहतर काम के आधार पर चुना, अक्टूबर में मिल सकती है ओर बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



देवास ने पानी बचाने की मुहिम में जनभागीदारी से बेहतर काम करते हुए देशभर में नौवाँ स्थान हासिल किया। नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय ने इस आशय की घोषणा की। इसके लिए देवास जिला प्रशासन को 25 लाख रूपए की धन राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी। जिले को अमृत संचय अभियान में बीते साल जनभागीदारी से विभिन्न जल संरचनाओं से उत्कृष्ट जल संरक्षण के लिए यह सम्मान दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते 15 महीनों में जिला प्रशासन की अगुवाई में अमृत संचय अभियान की टीम ने देवास में जनभागीदारी से वर्षा जल संचय करने के लिए बड़े पैमाने पर एक जन मुहिम शुरू की है। इसमें अब तक लगभग 300 करोड़ लीटर से ज़्यादा वर्षा जल को व्यर्थ बहने से बचाते हुए विभिन्न संरचनाओं के जरिए धरती की रगों में पहुँचाया जा चुका है।

### भूजल वैज्ञानिक डॉ. चतुर्वेदी का नेतृत्व

देशभर में पानी के लिए सतत काम करने वाले सुप्रसिद्ध भूजल वैज्ञानिक डॉ. सुनील चतुर्वेदी के तकनीकी मार्गदर्शन में अमृत संचय अभियान टीम लगातार इस काम में जुटी हुई है। अमृत संचय अभियान टीम के मनीष वैद्य ने बताया कि जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष जनभागीदारी से सर्वोत्कृष्ट जल संचय तथा संवर्धन के लिए जमीनी स्तर पर बेहतर काम करने वाले जिलों की रैंकिंग की जाती है। जल शक्ति मंत्रालय इस सूची के आधार पर अच्छा काम करने वाले जिलों को दो करोड़ से लेकर 25 लाख रूपए तक की धन राशि पुरुस्कार के रूप में प्रदान करता है। देशभर के चारों ज़ोन में मई 2025 तक हुए कामों के आधार पर इस साल की सूची जारी की गईं। ज़ोन 4 में राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश शामिल हैं, जिसमें देवास को नौवाँ स्थान मिला है। अमृत संचय अभियान टीम के डॉ सुनील चतुर्वेदी, डॉ समीरा नईम, श्रीकांत उपाध्याय, गंगा सिंह सोलंकी, मनीष वैद्य, तकनीकी विशेषज्ञ हिमांशु कुमावत, विपिन पंड्या, सफ़ियि कुरैशी, कृपाली राणा, शर्मिला ठाकुर, सुनीता कौशल, श्रीराम कुमावत, प्रदीप खरे, कपिल जोशी आदि ने देवास को मिली इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

### अक्टूबर में भी मिल सकती है बड़ी ख़बर

देवास को अक्टूबर महीने में एक और अच्छी ख़बर का इंतज़ार है. जल शक्ति मंत्रालय प्रतिवर्ष जनभागीदारी से सर्वोत्कृष्ट जल संचय तथा संवर्धन के लिए ज़मीनी स्तर पर बेहतर काम करने वाली संस्थाओं को अवार्ड के लिए देशभर में कठिन चुनाव प्रक्रिया के बाद चुनता है। देवास इस प्रतियोगिता में चार वर्गों में पहले से ही शार्टलिस्ट हो चुका है। अगले महीने इसका नतीजा घोषित होने को है, देवास के इसमें अव्वल आने की प्रबल संभावना है।




### दूसरे से फिसलकर पहुंचा नौवें स्थान पर

देवास में बीते साल 12 हजार से ज़्यादा जल संरचनाएँ जनभागीदारी से अमृत संचय अभियान के तहत निर्मित की गई थीं, लेकिन जल शक्ति मंत्रालय के पोर्टल पर इनमें से केवल 8333 जल संरचनाएँ ही अपलोड की जा सकी। यदि सभी संरचनाएँ समयावधि में पोर्टल पर अपलोड हो जाती तो देश में देवास दूसरे नंबर पर होता।

# बैंक नीलामी प्रॉपर्टी के नाम पर दंपती ने की करोड़ों की धोखाधड़ी

## पुलिस गिरफ्त में पत्नी, पति फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



शहर में एक दंपती ने बैंक की सस्ती प्रॉपर्टी दिलाने के नाम पर लगभग 10 लोगों से 15 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की है। सिविल लाइन पुलिस ने अश्विन यादव की शिकायत के आधार पर आनंद देवकर और उनकी पत्नी रूपाली देवकर के खिलाफ धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। दंपती फिलहाल फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है।जानकारी अनुसार, अश्विन यादव ने बीते 15 सालों से आनंद को जानता था।

आनंद अपनी फर्म 'इंदौर टोटल सॉल्यूशन' और 'इंदौर टोटल सॉल्यूशन एलएलपी' के माध्यम से निवेश का लालच देकर लोगों को धोखा देता था। अश्विन ने 20 सितंबर 2025 को अपने घर को गिरवी रखकर 35 लाख रुपए का लोन लिया और उसी दिन आनंद के मुखर्जी नगर स्थित घर पहुंचे। वहां आनंद और रूपाली ने बैंक नीलामी की कई संपत्तियों में निवेश का प्रस्ताव दिया। उन्होंने संपत्तियों की फोटो और वीडियो भी दिखाए।आश्विन ने मुंबई के साकीनाका में कथित 150 फ्लैट्स में निवेश करने का निर्णय लिया और आनंद ने अपनी फर्म के जरिए शॉर्ट टर्म निवेश करवाने का सुझाव दिया। अश्विन ने चार-पांच बार में कुल 16 लाख 53 हजार रुपए आनंद के एयू बैंक खाते में ट्रांसफर किए। इसके बाद आनंद ने अतिरिक्त निवेश का दबाव बनाया और दावा किया कि राशि से नीलामी संपत्ति खरीद ली गई है, जब अश्विन ने मुनाफे के बारे में पूछा तो आनंद टालमटोल करने लगा। जांच में पता चला कि सभी डिमांड ड्राफ्ट फर्जी थे।अनुमानित वास्तविक ठगी की राशि 15 करोड़ रुपए से अधिक है। इसके अलावा अन्य लोगों से इसी तरह की जालसाजी की गई है। मामले में एएसपी जयवीर सिंह भदोरिया ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है और शीघ्र ही आरोपी आनंद को गिरफ्तार किया जाएगा।

### परिवहन विभाग ने 7 बसों पर की चालानी कार्रवाई

**देवास।** जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान एवं जांच दल प्रभारी मीनाक्षी गोखले के द्वारा आरटीओ जांच दल के साथ देवास-चापड़ा मार्ग एवं करनावत ग्राम में स्कूली बसों की जांच की गई, साथ ही इंदौर - हरदा मार्ग पर यात्री बसों की जांच की गई। जिसमें 07 बसों में परमिट शर्तों तथा दस्तावेजों की कमी पाए जाने पर 50 हजार का चालान काटा गया तथा बस चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, ओवरलोड न करने और दस्तावेजों को पूरा करने की हिदायत दी गई। जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि जांच दल द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही है जो निरंतर जारी रहेगी। जांच दल में जांच दल सैनिक सरफराज खान, शाकिर खान, नीलेश साल्वे, भगत सिंह एवं बाबूलाल देवड़ा शामिल थे।

### कांग्रेस ने बताई व्यापारियों को रिवाइज जीएसटी की विसंगतियां

**देवास।** शहर में शनिवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम और जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवारिया हाट में व्यापारियों के बीच एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया।इस सभा में कांग्रेस नेताओं ने जीएसटी की विसंगतियों पर चर्चा की और व्यापारियों को इसके प्रभावों से अवगत कराया। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि खाने-पीने की कई वस्तुओं पर शून्य प्रतिशत जीएसटी रखा गया है, जिनमें गो मांस भी शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर भाजपा गौ माता को बचाने का अभियान चलाती है, वहीं दूसरी ओर गो मांस को कर-मुक्त करती है।कांग्रेस ने इसे विरोधाभास बताते हुए जनता से इस पर विचार करने का आग्रह किया। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि जिन वस्तुओं पर कर कम किया गया है, उनका आम लोगों के दैनिक जीवन से कोई खास संबंध नहीं है। नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने पहले 18 प्रतिशत जीएसटी लगाकर देशवासियों से करोड़ों रुपए वसूले और अब कर कम करके वाहवाही लूटने का प्रयास कर रही है। व्यापारियों ने भी इस बात पर सहमति जताई कि कर कटौती से आम नागरिक को कोई आर्थिक राहत नहीं मिल रही है।सभा में कांग्रेसजनों ने बताया कि राहुल गांधी लोकसभा में कई बार जीएसटी को आसान, सरल और पारदर्शी बनाने की बात कह चुके हैं। इस अवसर पर कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# सोनकच्छ विधायक सोनकर ने की मां शक्ति की आराधना, बालिकाओं के साथ किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा

नवरात्रि के पंचमी तिथि पर सोनकच्छ क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश सोनकर,भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा व गरबा प्रतियोगिता के आयोजक नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी,उपाध्यक्ष जय सिंह राणा सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने जगत जननी मां शक्ति की आरती की। जेएमडी ग्रुप के सदस्यो द्वारा विधायक डॉ. राजेश सोनकर व अन्य सभी अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। गरबा प्रतियोगिता में पुरस्कार 50 हजार रुपए के पुरस्कार स्वरूप दिए गए। गरबा के प्रत्येक ग्रुप को दस-दस हजार रुपए मुख्य दिए गए।

आयोजित हुए कार्यक्रम के अतिथि विधायक सोनकर द्वारा एमके गरबा मंडल, अध्याय ग्रुप गरबा मंडल, आदर्श क्लब खेडी, श्रीजी पब्लिक स्कूल, मां निंबेश्वरी गरबा मंडल, को सम्मानित किया गया। वही गरबे को देख वह भी अपने आप को रोक नहीं पाए और गरबा पांडाल में पहुंच कर छोटी-छोटी नन्ही मुन्नी बालिकाओं के साथ गरबा करने लगे। सोनकर ने सर्व प्रथम नगरवासियों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं।

सोनकर ने कहा कि शारदीय नवरात्र में जगत जननी मां जगदंबा के दरबार में भौरासा नगरवासियों के साथ नवरात्रि मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वही मीडिया द्वारा शक्ति माता मंदिर को पर्यटन स्थल बनाने की नगर की जनता की मांग पर सोनकर ने कहा कि मैं और भौरासा नगर परिषद की पूरी टीम इस मंदिर को पैटर्न बनाने के लिए लगे हुए हैं। जल्द ही यह मंदिर पैटर्न के नक्शे पर होगा। आरती के दौरान विधायक सोनकर के साथ राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष,ठा. सुरेंद्र सिंह गौड़, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा,नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दशरथ धाकड़, दौलत यादव,पार्षद प्रतिनिधि छोटेलाल लोधी, पार्षद सचिन यादव, पार्षद सुरेश मालवीय, प्रदीप मंत्री सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संस्था मां शारदा ने नगर में निकाली चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा



नवरात्र के दौरान शनिवार को संस्था मां शारदा इंदौर द्वारा भौंरासा नगर में एक विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। चुनरी यात्रा चौधरी धर्मशाला पुरानी कचहरी से प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नगर के शक्ति माता मंदिर पहुंची ।

बड़ा हनुमान चौक, रपट ,छोटा हनुमान चौक ,बस स्टैंड, टंकी चौराहा सहित नगर में कई जगह पुष्पवर्षा से चुनरी यात्रा का स्वागत किया गया। चुनरी यात्रा में नंगे पैर सभी महिलाए मां शक्ति माता मंदिर तक पहुंची। चुनरी यात्रा में पहुंची महिलाओं का उत्साहवर्धन संस्था मां शारदा के संयोजक एडवोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी इंदौर ने किया व नगर के सभी मंदिरों पर रामचरित्र मानस संस्था द्वारा भेंट की गई। अंत में चुनरी यात्रा शक्ति माता मंदिर परिसर पहुंची जहां पर महिलाओं ने नृत्य करते हुए चुनरी की पूजा अर्चना की। मां शक्ति की आरती के साथ सभी को प्रसाद वितरण कर यात्रा का समापन हुआ। संस्था अध्यक्ष जया द्विवेदी ने चुनरी यात्रा में पहुंची सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया।



देवास निगम के नेतृत्व में होंगे नगर परिषद सोनकच्छ में स्वच्छता कार्य

# स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर दी जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का परिणाम जुलाई माह में जारी हुए थे जिसमें 50 हजार से 3 लाख तक की जनसंख्या वाले शहर की श्रेणी में देवास ने पूरे देवास में प्रथम स्थान हासिल किया था। स्वच्छता सम्मान समारोह के दौरान स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के क्रियान्वयन की घोषणा की गई थी, जिसके अंतर्गत अच्छा प्रदर्शन करने वाले शहरों को कम प्रदर्शन करने वाले किसी एक शहर की जिम्मेदारी दी जाएगी, जिसके तहत केंद्रीय मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश जारी किए थे। सोनकच्छ नगर परिषद का स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 मे अच्छा प्रदर्शन नही होने इनके स्वच्छता मे सुधार हेतु कार्य योजना देने के लिए नगर निगम देवास को जिम्मेदारी सौंपी गई। केन्द्र शासन द्वारा जारी निर्देशों के पालन में शनिवार 27 सितम्बर को नगर निगम बैठक हाल मे महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम आयुक्त दलीप कुमार के समक्ष सोनकच्छ नगर परिषद अध्यक्ष श्रुति कृष्णपाल बघेल, सीएमओ अमरदास सेनानी के मध्य एक अनुबंध संपादित किया गया, जिसमे देवास नगर निगम, सोनकच्छ नगर परिषद को स्वच्छता मे किस प्रकार से क्या क्या कार्य किए जाना है यह कार्य योजना मे शामिल रहेगा ताकि सोनकच्छ आगामी सर्वेक्षण मे अपनी अच्छी भूमिका निभा सके। इस हेतु देवास नगर निगम को नगर परिषद सोनकच्छ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर बैठक मे निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह बैस, लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, निगम सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, स्वच्छ भारत मिशन से विशाल जोशी, विश्वजीतसिंह अरूण तोमर, दीपक अग्रवाल आदि सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आयुक्त ने किया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण



शहरी सीवरेज योजना मे मेंढकी रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (14 एमएलडी क्षमता) का निरीक्षण आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने ट्रीटमेंट प्लांट की प्रोसेसिंग के बारे मे जानकारी ली। आयुक्त द्वारा प्लांट के निरीक्षण उपरांत निर्देश जारी किए गए कि सीवरेज के पानी शोधन पश्चात प्लांट के ट्रीटेड पानी का उपयोग बगीचों, रोड डिवाईडर की धुलाई मे किया जाए।आयुक्त ने प्रभारी कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा को निर्देश दिए कि सीवरेज योजना मे अंतर्गत लाईन से सभी घरों को जोड़ा जाए । इस हेतु आम नागरिको को प्रेरित करें की संयोजन अवश्य करें, ताकि ट्रीटमेंट प्लांट का पुरी क्षमता से उपयोग हो सके जिससे शहर मे गंदगी से बचाव हो सके। निरीक्षण के दौरान निगम सहायक यंत्री दिनेश चौहान भी उपस्थित रहे।

# न्यू लाइंस क्लब में मां शिप्रा उज्जैन के पुजारियों ने की आरती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा

नगर के सभी गली मोहल्ले में नवरात्रि की धूम मची हुई। जगह जगह पंडालों में गरबे के आयोजन किए जा रहे है। भक्तो में मां दुर्गा की उपासना को लेकर काफी उत्साह देखने में आ रहा है, बच्चो से लेकर बड़े तक मां दुर्गा की उपासना कर रहे है, जिसमे मौन व्रत,चप्पल छोड़ना, पैदल माता मंदिर पहुंचना जैसे अलग अलग जतन मां को मनाने के लिए कर रहे हैं।

इसी कड़ी में बस स्टैंड पर स्थित पिछले 35 वर्षो से नगर में माता की स्थापना की जा रही है। इस बार बस स्टैंड पर काफी भक्तिमय माहौल नजर आ रहा है। यहां प्रतिदिन बालिकाएं गरबे की प्रस्तुति दे रही है। वहीं आज उज्जैन से शिप्रा मैया के पंडितों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ मां की आरती उतारी गई जिसे देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। देखते ही देखते पूरा बस स्टैंड भक्ति मय माहौल में डूब गया। वहीं संस्था के संयोजक पार्षद रोहित जायसवाल के द्वारा बताया गया कि यहां यह आयोजन प्रतिदिन हो रहे हैं और आज भी गुजरात से पधारी बालिकाओं के द्वारा मां कालिका का रूप धारण कर गरबे की अद्भुत प्रस्तुति दी जाएगी।

# नपाअध्यक्ष उप चुनाव में प्रत्याशियों की घोषणा पर मंथन जारी

## सिर्फ समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद उपचुनाव के प्रत्याशियों की नामांकन की अंतिम तिथि 29 सितंबर तक है मगर अब तक समाजवादी पार्टी को छोड़कर किसी भी पार्टी ने अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की जा सकी भारतीय जनता पार्टी के नगर पालिका अध्यक्ष सरला जैन की मृत्यु के बाद खाली हुई सीट पर उपचुनाव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। नगर पालिका परिषद उपचुनाव प्रत्याशियों में समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी वहीं बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष अमन संतोष ने बताया पार्टी की तरफ से अभी तक कोई गाइडलाइन न आने के कारण चुनाव प्रक्रिया में सहभागिता अभी तक नहीं है वैसे बहुजन समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अमूमन उपचुनाव से दूरी बनाकर ही राजनीति करती चली आ रही है।

समाजवादी पार्टी ने इस बार फिर ब्राह्मण कार्ड पर दांव लगाया है नगर के प्रतिष्ठित सम्माननीय परिवार के ऊपर भरोसा जताकर नीलम आशीष चौबे को प्रत्याशी घोषित किया वैसे नीलम की घोषणा के बाद पार्टी के अंदरुनी खेमे में कार्यकर्ताओं की नाराजगी देखने को मिल रही है मगर समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राम मूर्ति तिवारी ने बताया की सब कार्यकर्ता एक जुट होकर पार्टी के लिए ही काम करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत से फोन पर हुई वार्ता में उन्होंने बताया हमारे प्रत्याशी की शीघ्र ही घोषणा हो जाएगी अभी जो चर्चाएं चल रही हैं वह केवल चर्चाएं ही है समाचार लिखे जाने तक भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी की भी अभी तक घोषणा नहीं हुई मगर सूत्र बताते हैं कि शीघ्र घोषणा होने की संभावना है मगर इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि कांग्रेस पार्टी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को समर्थन देने का मन बना सकती है।







## खबर संक्षेप

### बिना ओटीपी शेयरिंग खाते से निकले 2.34 लाख

**ललितपुर।** बिना ओटीपी शेयर किये और न ही कोई कॉल उठाये ही बैंक खाते से करीब ढ़ाई लाख रुपये का फ्रॉड तरीके से ट्रांजेक्शन होने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में नझाई बाजार में रहने वाले युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करायी है। हर्ष अग्रवाल पुत्र अनूप अग्रवाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका एकाउण्ट एचडीएफसी बैंक में है। 25 सितम्बर को उसे सुबह 4.14 बजे मोबाइल पर मैसेज आया कि उसके डेबिट कार्ड ट्रान्जेक्शन लिमिट 6 लाख बढ़ायी जा रही है, जिसका ओ.टी.पी. उसके फोन पर आया। पीड़ित के अनुसार उसने किसी भी प्रकार का ओटीपी शेयर नहीं किया और न ही किसी से फोन पर बात की, उक्त समय वह सो रहा था। नींद खुलने के बाद उसके बैंक से 2.34 लाख 89.89 रुपये निकल जाने का संदेश मिला। यह पैसा फ्री-चार्ज पेमेन्ट टेक्नो के लिए काटे गये हैं, जिसका यूटीआर नम्बर भी पीड़ित ने पुलिस को दिया। बताया कि उसने किसी प्रकार का डेबिट कार्ड से कुछ दिनों से कोई पेमेन्ट नहीं किया और न ही कहीं अटैच किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### छात्र/छात्राओं को मिली छात्रवृत्ति

**ललितपुर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम (कक्षा 9-10 ) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत प्रथम चरण की समय-सारिणी के अनुसार 31 अगस्त, 2025 तक छात्र/छात्राओं द्वारा किये गये ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं 31 अगस्त, 2025 तक शिक्षण संस्थान स्तर से अग्रसारित डाटा के छात्र/छात्राओं को 26 सितम्बर, 2025 को मान्नीय मुख्यमंत्री जी द्वारा इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान में छात्रवृत्ति का वितरण किया गया है। मान्नीय मुख्यमंत्री जी के छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया है। जिसके तहत जनपद ललितपुर के राजकीय इण्टर कॉलेज ललितपुर में छात्रों को सजीव प्रसारण दिखाया गया एवं मौके पर उपस्थित छात्रों को कल्याण सेक्टर के अधिकारियों द्वारा छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। जनपद में अन्य पिछड़ा वर्ग के कक्षा 9-10 के 3639 छात्र/छात्राओं रू0 77.72 लाख एवं कक्षा 11-12 के 1372 छात्र/छात्राओं रू0 41.57 लाख की धनराशि निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण से प्रेषित की जा चुकी है। इसी प्रकार अल्पसंख्यक वर्ग में कक्षा 9-10 के 58 छात्र/छात्राओं को रू0 1.71 लाख एवं कक्षा 11-12 के 43 छात्र/छात्राओं रू0 1.32 लाख की धनराशि निदेशालय अल्पसंख्यक कल्याण विभाग लखनऊ से आधार लिंक खातों में प्रेषित की जा चुकी है। आयोजित कार्यक्रम में आशुतोष सिंह, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ललितपुर, संजय कुमार श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज एवं सम्बंधित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहें।

### नाबालिग को फुसलाकर भगाने का आरोप

**ललितपुर।** महरौनी के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते शुक्रवार को सुबह 11 बजे उसकी नाबालिग पुत्री जो कि घर में अकेली थी को मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना दिगौड़ा के ग्राम मऊ बछौड़ा निवासी सुनील सहरिया बहला-फुसलाकर मोटर साइकिल पर बैठाकर भगा ले गया है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### भाई ने बड़े भाई के सिर पर मारी लाठी

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम सैदपुर निवासी शिवशंकर सोनी पुत्र मकुन्दी सोनी ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि बीते शुक्रवार को रात करीब 8.30 बजे वह घर के बाहर बैठा था। तभी उसके छोटे भाई गौरीशंकर सोनी ने शराब के नशे में धुत्त होकर उसे गालियां दीं। विरोध करने पर सिर पर लाठी से प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि गौरीशंकर सोनी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

## लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कार्यक्रम में सीएम योगी रहे मौजूद

# मोबाइल स्वदेशी टावरों का लाभ ललितपुर जनपद को भी मिलेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा राज्य के झारसुगुड़ा से देश भर में 97,500 मोबाइल स्वदेशी टावरों का समवर्ती उद्घाटन किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुआ, जहाँ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अधिकारीगण तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश राज्य में कुल 142 सैचुरेशन स्थापित किए गए हैं, जिनमें से उत्तरप्रदेश के 4 को प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन हेतु चुना गया। इनमें झाँसी प्रचालन क्षेत्र के अंतर्गत 11 कार्य कर रहे ऐसे में से ललितपुर जिले की तालबेहट तहसील स्थित आदर्श ग्राम गेवरा गुन्देरा का 4 सैचुरेशन भी सम्मिलित है। इस अवसर पर एन.आई.सी. ललितपुर की तरफ से आकाश वर्मा, चंद्रमणि पाण्डेय नेटवर्क इंजीनियर तथा बीएसएनएल झाँसी एवं कानपुर के प्रधान महाप्रबंधक श्री प्रभांश यादव, सहायक महाप्रबंधक (मोबाइल सेवा) पवित्र सिंह, मंडल अभियंता (ललितपुर) एस.के. अहिरवार, एसडीओ (तालबेहट) नरेश सिंह, उपमंडल अभियंता (सेल्स) यंक गुप्ता, अंकुश खुराना, अनवर, मुकेश साहू, सहित पाँच अन्य अधिकारी ग्राम गेवरा गुन्देरा में उपस्थित रहे एवं टी.सी.एस. की तरफ से शैलेन्द्र सिंह चौहान ग्राम गेवरा गुन्देरा में मौजूद थे।

### गेवरा गुन्देरा में जनसैलाब उमड़ पड़ा

इस अवसर पर ग्राम गेवरा गुन्देरा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और बताया कि बीएसएनएल टावर लगने के बाद ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल भुगतान, ई-गवर्नेंस सेवाएँ और टेलीमेडिसिन जैसी सेवाएँ आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। ग्रामीण युवाओं ने कहा कि अब उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता कम हो गई है क्योंकि गाँव में ही तेज इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। छात्रों ने यह भी साझा किया कि ऑनलाइन कक्षाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अब बिना किसी बाधा के संभव हो पा रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामवासियों को बीएसएनएल की ओर से स्वल्पाहार एवं मिष्ठान वितरण किया गया। ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पहल ग्रामीण भारत की दशा और दिशा बदलने में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।



## आरोपियों से मुठभेड़

# थानाध्यक्ष ने इनामी दो बदमाशों को पकड़ा



**ललितपुर।** कुछ समय पहले बाइक सवार बदमाशों द्वारा नाराहट के व्यापारी लक्ष्मीनारायण गुप्ता को अपहरण करने का प्रयास किया गया था। अपहरण में असफल होने के बाद बदमाश भाग निकले थे। बदमाशों की तलाश कर रही ललितपुर पुलिस का बड़ी सफलता उस समय मिली, जब अपहरण प्रकरण में शामिल दो बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गयी। सौजना थानाध्यक्ष उप निरीक्षक पारूल सिंह चन्देल ने पुलिस टीम के साथ इस मुठभेड़ को अंजाम दिया। मुठभेड़ में 25-25 हजार रुपये के इनामिया दो बदमाश पकड़े गये हैं, जिनमें से एक बदमाश को गोली भी लगी है। वहीं पुलिसने बदमाशों के पास से एक अवैध देशी तंमचा 315 बोर, 01 खोखा ारतूस, 01 जिन्दा कारतूस, 01 शेविंग ब्लेड, 01 स्पेलेन्डर मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट बरामद की है। पुलिस महकमे की ओर से जारी प्रपत्र के अनुसार मुख्यमंत्री द्वारा नारी शक्ति, सम्मान व स्वावलम्बन के दृष्टिगत मिशन शक्ति अभियान फेज-5 का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी व एसपी ललितपुर के संयुक्त निर्देश पर यह कार्यवाही हुयी। एएसपी कालू सिंह व सीओ महरौनी आशीष मिश्रा के नेतृत्व में मुठभेड़ की कार्यवाही को सौजना थानाध्यक्ष पारूल चंदेल ने अंजाम दिया है। मुठभेड़ के दौरान जिला फतेहपुर के थाना जहानाबाद व हाल म.प्र. के जिला निवाड़ी अंतर्गत थाना पृथ्वीपुर के मोहल्ला नरेगा निवासी धर्मेंद्र उर्फ पुपला पुत्र विशाल उर्फ विशालू उर्फ रामविशाल एवं शिवा पुत्र कमलेश को हिरासत में लिया है। दोनों पर आरोप है कि दोनों बदमाशों ने बीते दिनों नाराहट क्षेत्र से व्यापारी को कटटा दिखाकर मोटर साइकिल से दिन-दहाड़े अपहरण करने का प्रयास किया था। बताया जा रहा है कि सौजना पुलिस मैगुवां रोड पर लरहन तिराहा के पास चेकिंग कर रहे थे, तभी बदमाश आये और पुलिस को देखकर भागने लगे। लेकिन पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया, और बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जबाबी फायरिंग में पुलिस ने फायर झोंक दिया, जिससे धर्मेंद्र के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि धर्मेंद्र पर पूर्व में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, वहीं दूसरे बदमाश शिवा पर भी चार मामले पहले से दर्ज हैं। एसपी ने बदमाशों को पकडऩे वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कत करने की घोषणा की।

### ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत होने पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम टूड़ासर निवासी महेश कुमार पुत्र आधार ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 24 सितम्बर को अपराह्न करीब 12.15 बजे वह अपनी मां मायाबाई व अपनी भान्जी थाना बानपुर के ग्राम उदया निवासी राजनन्दनी पुत्री स्व. मनोहरलाल के साथ ललितपुर से अपने गांव टूड़ासर जा रहा था, तभी मन्नू पेट्रोल पम्प के पास ट्रक नम्बर यू.पी.94 टी 5237 के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्ण चलाते हुये फोन पर बात करते हुये आया और उसने देखा कि उक्त ड्राईवर ने उसकी मोटर साइकिल की ओर आ रहा है। उसने मोटर साइकिल को रोक लिया, लेकिन ट्रक ड्राईवर ने उसकी मां व भांजी के ऊपर ट्रक चढ़ा दिया, जिससे उसकी मां मायाबाई की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं भांजी राजनन्दनी की जांघ व कूल्हों पर ट्रक चढऩे के कारण हड्डियां टूट गयी और पेट में भी चोटें आयीं हैं। राहगीरों ने हाई-ड्रॉ बुलवाया, तब उसकी मां को ट्रक के पहिए के नीचे से निकाला गया और उसकी भांजी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में भांजी की हालत नाजुक होने पर उसे झांसी रेफर किया गया, जहां उपचार चल रहा है।

## मेडिकल कॉलेज में काला पीलिया हेपेटाइटिस सी तथा बी के वायरल लोड की जांच का शुभारंभ

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज ने आज फिर से एक बार नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

मेडिकल कालेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में काला पीलिया (हेपेटाइटिस सी) तथा *हेपेटाइटिस बी के वायरल लोड की जांच शुरू हो गई है। इस जांच की शुरुआत के अवसर पर प्रधानाचार्य ने फीता काट कर शुभारंभ किया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मधुरेंद सिंह राजपूत ने बताया कि यह जांच त्रितीयक लेवल के संस्थानों में उपलब्ध थी। इस जांच के शुरू होने से यहाँ के आम जन मानस को इसका लाभ सुगमता पूर्वक मिलेगा। हेपेटाइटिस सी वायरल लोड परीक्षण व्यक्ति के रक्त में वायरस की मात्रा को मापता है। अन्य परीक्षण सक्रिय हेपेटाइटिस सी संक्रमण या वायरस के जीनोटाइप की पुष्टि कर सकते हैं। हेपेटाइटिस सी लीवर का एक वायरल संक्रमण है जो अल्पकालिक (तीव्र) और दीर्घकालिक (जीर्ण) बीमारी का कारण बन सकता है। हेपेटाइटिस बी वायरल लोड की जांच से संक्रमण की गंभीरता का पता लगाता है, उपचार की प्रभावशीलता तथा लिवर को होने वाले नुकसान के जोखिम का भी पता लगता है। प्रधानाचार्य डॉ मयंक शुक्ला ने बताया कि यह जांच निजी लैब में 6 या 7 हजार तक की भी होती है। मेडिकल कॉलेज में हेपेटाइटिस सी तथा हेपेटाइटिस बी की जांच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। बुंदेलखंड के आम जनमानस से अपील करता हूं कि वह चिकित्सों के परामर्श के अनुसार उपलब्ध जांच से स्वास्थ लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



### आशा बहू पर रिश्वत लेने का आरोप वसूली मामले में एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) के महिला अस्पताल में प्रसूता के परिजनों से प्रसव के नाम पर पांच हजार रुपये की अवैध वसूली मामले में एफआईआर दर्ज करायी गयी है। प्रकरण को लेकर महरौनी के ग्राम सिलावन निवासी महेन्द्र पुत्र नारायण अहिरवार ने ललितपुर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 25 सितम्बर को उसकी पत्नी खुशबू अहिरवार का प्रसव होना था, जिसे लेकर वह सीएचसी महरौनी पहुंचा। सीएचसी से उसकी पत्नी को जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां पहुंचने पर उसे महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित का आरोप है कि उसके ही गांव की रहने वाली मीरा पत्नी जसवंत बाल्मीकि जो कि आशा बहू हैं, ने उनकी पत्नी के ऑपरेशन के नाम पर अपराह्न करीब 3 बजे उसे धोखा देकर पांच हजार रुपये उसके बड़े भाई मलखान से ले लिये हैं। रुपये लेने के बाद मीरा अस्पताल से भाग गयी और वापस नहीं आयी। यह भी बताया कि मीरा का बड़ा लड़का हेमन्त कुमार गांव में जाकर घर में उसके पिता को धमकाया रहा है कि उसकी शिकायत वापस ले लो।

## लखनऊ को 25 अक्टूबर तक भेजें आवेदन

### दादरा, ठुमरी और गजल गायकों से बेगम अख्तर पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**ललितपुर।** संस्कृति निदेशालय उ.प्र. द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में मल्लिका-ए-गजल बेगम अख्तर की स्मृति में दादरा, ठुमरी, गजल विधाओं में ऐसे प्रतिभावान गायक, जिनकी आयु 40 वर्ष से कम न हो, को बेगम अख्तर पुरस्कार से सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अन्तर्गत चयनित कलाकार को 05 लाख रुपये की धनराशि, अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र भेंट स्वरुप प्रदान किया जाएगा। बेगम अख्तर पुरस्कार के लिए कलाकार उत्तर प्रदेश का मूल निवासी अथवा उसकी कर्मभूमि उत्तर प्रदेश होना चाहिए। कलाकार की आयु 40 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। कलाकार को अपनी प्रतिभा की दीर्घ साधना एवं श्रेष्ठ उपलब्धि के भरसक निर्विवाद मानदण्डों के आधार पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त होनी चाहिए। यह पुरस्कार कलाकार के गायन के क्षेत्र में सम्पूर्ण उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया जायेगा न कि किसी एक विशिष्ट संरचना के लिए। पुरस्कार सम्बन्धी नियमावली एवं निर्धारित प्रारूप आवेदन पत्र संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उपरोक्त आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर 10 सितम्बर से 25 अक्टूबर 2025 तक लखनऊ कार्यालय में जमा किये जा सकते है।

## मिशन शक्ति अभियान में वन विभाग की अनूठी पहल

# एक दिन के लिए डीएफओ बनी छात्रा वर्षा झा, दिए पर्यावरण संरक्षण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मिशन शक्ति अभियान के तहत शहर के वन विभाग ने एक अनूठी पहल करते हुए एक स्कूली छात्रा को 'एक दिन का डी.एफ.ओ.' (प्रभागीय वन अधिकारी) बनाया। यह अनूठा अनुभव जी.जी.आई.सी. की दसवीं कक्षा की छात्रा वर्षा झा को मिला।

दोपहर में स्कूल छूटने के बाद वर्षा अपनी सहपाठियों के साथ डी.एफ.ओ. कार्यालय के सामने से गुजर रही थीं। तभी डी.एफ.ओ. ने उन्हें रोका और कार्यालय आने का आग्रह किया। कार्यालय में सभी छात्राओं का स्वागत करने के बाद डी.एफ.ओ. ने उनमें से किसी एक को एक दिन के लिए डी.एफ.ओ. बनने का निमंत्रण दिया। इस प्रस्ताव को वर्षा झा ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।



**कार्यों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी ली:** छात्रा वर्षा झा को औपचारिक रूप से एक दिन के लिए डीएफओ का पदभार सौंपा गया। इस दौरान नवनियुक्त डीएफओ वर्षा झा ने कार्यालय के स्टाफ से उनके दैनिक कार्यों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्टाफ को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनके संरक्षण के लिए प्रयासों को तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने जंगल और वन्यजीवों को बचाने के लिए सक्रियता से काम करने का आदेश दिया। इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी, विशेषकर छात्राओं, में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना और उन्हें प्रशासनिक जिम्मेदारी का अनुभव कराना था। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रखे जाएंगे, ताकि युवाओं को पर्यावरण संरक्षण से सीधे जोड़ा जा सके।

### महिला से मारपीट पर एससीएसटी की धाराओं में एफआईआर

**ललितपुर।** नाराहट थानान्तर्गत ग्राम बरखेरा निवासी रचना पुत्री सरमन अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शुक्रवार को शाम करीब 7.30 बजे वह मंदिर वाले रास्ते पर थी, तभी उसे गांव की वर्षा पत्नी सोनू शर्मा मिली और उससे बहस करने लगी। उसने मना किया तो जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और सिर पर लोटा दे मारा। जिसका उलाहना देने उसके घर गयी तो उसके ससुर देवशंकर व पति सोनू ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये उसे गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

विभाग ने न प्राण नंबर जारी किए न एम्प्लॉय कोड, अन्य प्रक्रियाएं भी अधर में

# वेतन के लिए सीएमएचओ दफ्तर के चक्कर काट रहीं नवनियुक्त एएनएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




कर्मचारी चयन मंडल द्वारा वर्ष 2023 में एएनएम (बहुउद्धेशीय महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता) के पदों हेतु हुई सीधी भर्ती के तहत परीक्षा आयोजित करवाई गई थी। इस परीक्षा में मेरिट के आधार पर चयनित 27 एएनएम को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा जुलाई माह में नियुक्ति पत्र तो प्रदान कर दिए लेकिन इन सभी एएनएम के एम्प्लॉय कोड, प्राण नंबर सहित अन्य विभागीय प्रक्रियाएं सीएमएचओ कार्यालय से आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। उक्त प्रक्रियाओं के आगे न बढ़ने के चलते इन सभी एएनएम को बीते 2 माह से वेतन भी नहीं मिल पाया है। त्यौहारों के समय वेतन न मिलने से सभी महिला कर्मचारियों को खासी आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विगत दिवस सीएमएचओ दफ्तर में इस संबंध में पत्र प्रेषित करने सहित बार-बार ऑफिस के चक्कर काटने के बाद भी विभाग के जिम्मेदार एएनएम की परेशानियों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। गत 22 सितंबर को इन कर्मचारियों ने वेतन सहित अपनी अन्य परेशानियों से संबंधित पत्र सीएमएचओ कार्यालय में प्रस्तुत किया इसके बाद भी किसी के द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा रहा है कि आखिर वेतन सहित अन्य विभागीय प्रक्रियाएं कब तक आगे बढ़ पाएंगी।

### 14 जुलाई को सीएमएचओ दफ्तर से जारी हुआ नियुक्ति पत्र

करीब सवा दो माह पहले 14 जुलाई 2025 को सीएमएचओ कार्यालय द्वारा मेरिट से चयनित अभ्यर्थियों के समस्त आवश्यक दस्तावेजों आदि के सत्यापन उपरान्त परीक्षण कमेटी के प्रतिवेदन पर 27 महिला कर्मचारियों को जिले के विभिन्न उप-स्वास्थ्य केद्रों में ज्वाइनिंग देने संबंधी पत्र जारी किया गया था। पत्र जारी होने के उपरान्त सभी महिला कर्मचारियों ने अपने-अपने पदस्थापना स्थलों पर पहुंचकर ज्वाइनिंग भी दे दी लेकिन उन्हें उनका वेतन अभी तक जारी नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही कर्मचारियों की सर्विस बुक, प्राण नंबर, एम्प्लॉय कोड इत्यादि की प्रक्रियाएं अधर में लटकी हुई हैं। इस कारण एएनएम को वेतन नहीं मिल पा रहा है। कुछ एएनएम ने बताया कि सीएमएचओ कार्यालय में जब उन्होंने लिपिकों व अन्य से पूछताछ की तो किसी के द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

### परेशानियों से जूझ रही ये 27 एएनएम

नियुक्ति उपरान्त ज्वाईनिंग के बाद भी विभागीय प्रक्रियाओं के पूर्ण न होने से वेतन के लिए परेशान हो रही इन 27 एएनएम में रामसरिता दांगी, भावना विश्वकर्मा, सुघेश्ना तिवारी, आशा कुमारी, सीमा तोमर, सुशीला फूलसिंह, संगीता राठौर, रामसरिता दांगी, पूजा बेसले, जसोदा वर्मा, संगीता राय, हेमलता दांगी, रेश्मा सुल्तान, आशा परिहार, आकांक्षा दुबे, अरास बी, रमा यादव, सुनीता गुलबाकेसीमा उरमालिया, मीना पटेल, संध्या ढोंगरे, ललिता सोनी, अंकिता गुप्ता, अर्चना मिश्रा, जेतून निशा, रोशनी चोरसे एवं तृप्ति द्विवेदी शामिल हैं।

### इनका कहना है...

मैं पता करती हूं कि नवनियुक्त एएनएम का वेतन व विभागीय प्रक्रियाएं कहां अटकी हुई हैं। जल्द उनका निराकरण करवाती हूं।

डॉ. शोभा पटेल
सीएमएचओ, राजगढ़

पूर्व में भी पुलिस ने की है इस पर कार्रवाई

## एलपीजी गैस की अवैध रिफिलिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-माचलपुर

आम लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने का काम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। समीपगांव गोघटपुर में संजय पिता रतनलाल राठौर आटा चक्की की आड़ में अवैध गैस रिफलिंग का कार्य का रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पूजा परिहार मौके पर पहुंचीं तो संजय राठौर को गैस रिफलिंग करते हुए पाया। जब उससे वैध दस्तावेज मांगे तो वह प्रस्तुत नहीं कर पाया। पुलिस ने एचपी कम्पनी के 9 खाली सिलेंडर व 2 भरे सिलेंडर व एक नियो कम्पनी की विद्युत मोटर कुल कीमत 29 हजार 500 की जप्ती की है। पुलिस ने संजय राठौर पर 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### पहले भी हो चुकी है इसी मामले में कार्रवाई

सूत्रों की माने तो पहले भी संजय राठौर पर अवैध गैस रिफिलिंग करने के मामले का दोषी माना गया है और पुलिस ने कार्रवाई की है । ऐसे आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर नगर हुआ भक्ति मय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के चहुंओर एवं प्रत्येक धार्मिक स्थल पर लाईट डेकोरेशन एवं आकर्षक साज सज्जा नवदुर्गा मूर्ति स्थापना एवं गरबा डांडिया नृत्य परिसर में भव्य पांडाल सजाकर नन्हे नन्हे बच्चों सहित बालक बालिकाएं गरबा नृत्य प्रस्तुत कर रहे वही श्रद्धालु भक्त मां दुर्गा भवानी की उपासना साधना में लगे हैं। पूरा नगर दुर्गा माता के भजनों से सरोबार होकर वातावरण को भक्ति में बना रखा है। एवं शिव चौक में भगवान राम की लीलाओं का मंचन चल रहा है जो देर रात्रि तक श्रद्धालु भक्ति रस में लीन रहते हैं। धार्मिक आयोजन को लेकर नगर के पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई थी। जिसमें व्यवस्थाओं को सुचारू अंजाम देने के निर्णय लिए गए थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में नवरात्रि पर्व पर कन्या पूजन आयोजित



**सारंगपुर।** नवरात्रि समापन की और बढ़ रहे हैं और कन्या पूजन के साथ इस पवित्र पर्व का समापन हो जाएगा। बिना कन्या पूजन के नवरात्रि की पूजा अर्चना पूरी नहीं होती है। नवरात्रि के दौरान कन्या पूजन करना अत्यंत लाभकारी एवं फलदाई माना गया है। सरस्वती विद्या मंदिर सारंगपुर में नवरात्रि के पावन पर्व के कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर एडवोकेट, ओम प्रकाश राठी,व्यवस्थापक अशोक साहू, अनिल बारकिया, दिलीप परमार, सुशील व्यास, बद्रीलाल बामनिया, राधेश्याम मेवाड़ा, रामबाबू नारोलिया आदि अतिथियों ने विद्यालय की छोटी-छोटी कन्याओं के पैरों का पूजन कर उन्हे खीर खिलाकर उपहार भेंट किए तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय की बहनों ने आकर्षक गरबा नृत्य किए। अंत में माताजी की आरती एवं प्रसादी वितरण हुआ। कार्यक्रम में सभी कन्याओं के साथ समस्त विद्यालय के भैया बहनों, समिति परिवार और विद्यालय परिवार का सह भोज आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया ने कन्या पूजन का महत्व बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य दीदियों का सहयोग रहा।

एनएच-52 पर खिलचीपुर की गाड़गंगा नदी के समीप तड़के हुआ हादसा

## डिवाइडर से टकराई कार, अहमदाबाद जा रहे चार लोग हुए गंभीर घायल



**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर शुक्रवार तड़के खिलचीपुर के नजदीक हुए सड़क हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पहले प्राथमिक उपचार के लिए खिलचीपुर अस्पताल ले जाया गया जहां से बाद में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में सभी घायलों का इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार मूलतः गुजरात के अहमदाबाद निवासी 4 लोग अपने काम से भिलवाड़ा राजस्थान गए हुए थे। जब ये सभी कार से वापस अहमदाबाद लौट रहे थे तभी खिलचीपुर की गाड़गंगा नदी पार करने के उपरान्त इनकी कार असंतुलित होकर सीधे डिवाईडर से जा टकराई। दुर्घटना में कार में सवार चारों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से सभी घायलों को पहले सिविल अस्पताल खिलचीपुर ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### हादसे में ये लोग हुए घायल

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना में घायल हुए लोगों में इम्तियाज पिता युनुस वोरा उम्र 40 वर्ष, सिद्धार्थ पिता हरीश कुमार उम्र 30 वर्ष, समीर पिता विसूभा दर्बा उम्र 40 वर्ष एवं एजाज पिता आरिफ उम्र 30 वर्ष सर्व निवासी अहदाबाद शामिल हैं। पुलिस द्वारा घायलों के परिजनों को हादसे की सूचना देने के बाद वे अहदाबाद से राजगढ़ के लिए रवाना हो गए।

## खुजनेर में नवरात्रि पर्व पर अलग-अलग स्वरूप में सजे मां दुर्गा के पंडाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नवरात्रि उत्सव मां की आराधना का पर्व हिन्दू संस्कृति में बड़े धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। छोटे बच्चे बड़े बुजुर्ग द्वारा अलग अलग मोहल्लों में मां दुर्गा का पंडाल सजाते आकर्षक रंगीन लाईट डेकोरेशन करते हैं माता मंदिरों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है। वहीं नगर के शीतला माता मंदिर छत्रपति माता मंदिर पर आकर्षक साज सज्जा की गई महाआरती का आयोजन होता है वहीं राजगढ़ रोड पर मां चामुंडेश्वरी ग्रुप द्वारा मां दुर्गा का बड़ा पंडाल सजाया गया व छोटी बालिकाओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाती है। कुलवाड़ मोहल्ला में भव्य गरबा उत्सव आयोजित किया जा रहा कुलमीपुरा मोहल्ला में पंचमुखी हनुमान नवदुर्गा उत्सव समिति व मां भवानी मित्र मंडल द्वारा मां दुर्गा का झांकी पंडाल सजाया गया है। दशहरा मैदान पर श्री राम मित्र मंडल सहित नगर के विभिन्न मोहल्लों में मां दुर्गा की झांकी पंडाल सजाए गए हैं।

तीन दिवसीय आयोजन में 500 से अधिक मातृ शक्तियां ले रहीं भाग

## तीन दिवसीय 'समर्पण गरबा उत्सव' का भव्यता के साथ आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शारदेय नवरात्रि में लगातार दूसरे वर्ष नजरबाग हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में स्थानीय राजमहल परिसर में तीन दिवसीय 'समर्पण गरबा उत्सव' की गुरुवार रात से शुरूआत हुई। भव्यतम आयोजन के प्रथम दिवस क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव सहित अतिथियों व अन्य प्रबुद्धजनों द्वारा सर्वप्रथम मां जालपा माता की पूजा-अर्चना व आरती करते हुए गरबे का शुभारंभ करवाया गया।

जालपा माता की आरती उपरान्त कई दिनों से गरबे का अभ्यास कर रहीं महिलाओं, युवतियों एवं बालिकाओं द्वारा दी गई गरबे की सुंदर प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। नगर सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग इस भव्य आयोजन को देखने पहुंचे। रात्रि करीब 11 बजे तक चले इस आयोजन के बीच 'लव-जिहाज' जागरुकता से जुड़ी एक लघु नाटिका का प्रस्तुतिकरण भी कलाकारों द्वारा दिया गया। इसके साथ ही बाहर से बुलवाए गए कलाकारों द्वारा भी गरबे की सुंदर प्रस्तुति आयोजन के दौरान दी जा रही है।

### चाक-चौबंद हैं सभी व्यवस्थाएं

इस भव्यतम आयोजन में आने वाले दर्शकों, मातृ-शक्तियों के लिए आयोजन समिति सहित पुलिस, प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात इत्यादि को लेकर चाक-चैबंद व्यवस्थाएं की गई हैं। सुरक्षा के लिहाज से यहां कई सीसीटीवी कैमरों से निगरानी भी रखी जा रही है। 25 सितंबर से आरंभ हुआ गरबा महोत्सव 27 सितंबर तक चलेगा।

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत मंत्री ने रक्तदान कर दिया मानव सेवा का संदेश



**सारंगपुर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा द्वारा शासकीय अस्पताल में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने स्वयं रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की। शिविर में नगर के युवाओं, नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर 50 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा भविष्य में भी नियमित रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे जरूरतमंदों को नया जीवन मिलता है और समाज में मानवीय संवेदना मजबूत होती है। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम रोहित बम्होरे, ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ मनीष चौहान,जनपद अध्यक्ष देव नागर आदि उपस्थित रहे।

1371 लाख रुपए के संचित लाभ में है बैंक

## सीसीबी की वार्षिक बैठक में प्रस्तुत किया आय-व्यय का लेखा-जोखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक (सीसीबी) की 74वीं वार्षिक साधारण सभा कलेक्टर व प्रशासक डॉ. गिरीश मिश्रा की अध्यक्षता में बैंक के प्रधान कार्यालय राजमहल में सम्पन्न हुई। बैठक में समस्त समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान बैंक सीईओ पीएस बारोटिया द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा विवरण प्रस्तुत किया गया।

वित्तीय वर्ष में बैंक द्वारा 107506 किसानों को 45103.94 लाख रूपये का ऋण वितरण किया गया है जिससे बैंक को 180.49 लाख रूपये का लाभ हुआ तथा बैंक 1371.43 लाख रूपये के संचित लाभ में है। बैठक के दौरान बताया गया कि रबी वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ, चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन हेतु बैंक से सम्बद्ध (पैक्स) संस्थाओ द्वारा 79603 किसानों का पंजीयन किया गया। साथ ही 133953 किसानों से कुल 1046.03 करोड रूपये की खरीदी की गई। इन्ही में से लिंकिंग के माध्यम से 26537 किसानों से 93.01 करोड़ रूपये की वसूली प्राप्त की गई। भारत शासन की पैक्स कम्प्यूटराईजशन योजना अन्तर्गत जिले की समस्त 140 पैक्स का गो-लाईव किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अन्तर्गत 1324 सदस्यों में से 06 सदस्यों एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अन्तर्गत 10009 सदस्यों में से 2 सदस्यों के उत्तराधिकारियों को कुल 16 लाख रूपये का बीमा क्लेम प्रदाय किया गया। वित्तीय वर्ष में बैंक द्वारा राशि 28.24 करोड़ रूपये की अमानतों में वृद्धि की गई।

### अमानत खातों में वृद्धि करने के दिए निर्देश

इस अवसर पर बैंक प्रशासक एवं कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सभी सदस्य समितियों से चर्चा की गई। उन्होंने समितियों में नवीन सदस्य बनाने एवं शाखाओं में अमानत खातों में वृद्धि करने एवं वसूली लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए।

अंजनीलाल धाम पर गायन प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया

## आत्मविश्वास और लय-ताल के साथ प्रस्तुति देकर बच्चों ने किया प्रभावित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आयोजित बच्चों की गीत-गायन प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों की प्रतिभा देख सभी हतप्रभ रह गए। मंच से जब महज पांच, छह वर्षीय बालक-बालिकाओं ने सुमधुर भजन सुनाया तो बड़े भी अचंभित हुए बिना नहीं रहे। श्री अंजनीलाल धाम पर ट्रस्ट परिवार द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में करीब 35 से अधिक बच्चों ने उक्त प्रतियोगिता में गुरूवार रात तक अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कई बच्चों ने गायन के साथ खुद वाद्य यंत्र बजाकर दोहरी प्रतिभा का परिचय दिया। नन्हें बच्चों का स्टेज पर आकर पूरे आत्मविश्वास के साथ मधुर आवाज और लय-ताल का सामंजस्य स्थापित करते हुए अपनी प्रस्तुति देना अद्भुत था।

प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जिस प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया वह अपने आप में सभी को आकर्षित किया। प्रारंभ में गीत संगीत के जानकार राजेन्द्र सिंह राठौड़, संगीत महाविद्यालय नरसिंहगढ़ में पदस्थ शिक्षिका दीपिका चौरसिया राजगढ़, गायक कलाकार सपना शिवहरे ने अतिथि एवं जज के रूप में मंचासीन होकर मां सरस्वती एवं भगवान श्री अंजनीलाल की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि आज के दौर में बच्चों का गीत-गायन और संगीत में जो प्रतिभा देखने को मिल रही है वह अद्भुत है। उन्होंने सभी बच्चों और उनके पालकों से आग्रह किया कि अगर बच्चों में संगीत, गायन की रूचि है तो उन्हें आगे बढ़ने का अवसर जरूर दें। दीपिका चौरसिया ने कहा संगीत कला को केरियर के रूप में भी अपनाया जा सकता है। अगर समय पर हम बच्चों को ऐसा माहौल प्रदान करेंगे तो बच्चें भविष्य में अपना और परिवार का नाम रोशन कर सकते हैं। सभी अतिथियों ने मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा बच्चों को मंच देने के प्रयासों की सराहना की।

अतिथियों का स्वागत मंदिर ट्रस्ट परिवार की ओर से इंजी. गिरराज कसेरा, राजेश शिवहरे, नीरज मंगल, दिलीप बजाज, रमेश चन्द्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जनमानस और प्रतिभागियों के पालक आदि मौजूद थे। मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा चयनित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार विजयादशमी पर्व पर सायांकाल सात बजे प्रदान किया जाएगा।

## ग्रामीण अजीविका मिशन के सहयोग से कोमल बनी आत्मनिर्भर, परिवार को मिली आर्थिक मजबूती



**शुजालपुर।** जनपद पंचायत शुजालपुर की ग्राम पंचायत डाबरी की निवासी कोमल पति प्रहलाद सिंह ने मप्र राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन के सहयोग से अपने जीवन और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया। आज वे कृषि कार्य, पशुपालन, सिलाई, पीडीएस दुकान संचालन तथा बैंक सखी के रूप में कार्य करते हुए आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं।

समूह से जुड़ने से पहले की स्थिति के बारे में कोमल बताती हैं कि उस समय उनके पति मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे और परिवार की मासिक आय लगभग पांच हज़ार थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने से वे पशुपालन कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रही थीं। ग्रामीण अजीविका मिशन की ब्लॉक टीम के मार्गदर्शन से वे जय वैष्णव मां आजीविका समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने ग्राम संगठन से 50 हज़ार का ऋण प्राप्त कर पशुपालन कार्य शुरू किया। इसके साथ ही समूह के माध्यम से बैंक से सीसीएल लोन अंतर्गत 20 हज़ार का ऋण लेकर पति को भी पशुपालन कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। परिणामस्वरूप पति ने मजदूरी छोड़कर पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन का कार्य आरंभ किया। कोमल के समूह को मिशन द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आवंटन भी प्राप्त हुआ, जिसका संचालन वे स्वयं कर रही हैं। वर्तमान में उनके परिवार की मासिक आय 15 से 20 हज़ार तक पहुंच चुकी है। मिशन के सहयोग से कोमल को बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया गया, जिसके बाद वे बैंक ऑफ इंडिया शाखा जामनेर में बैंक सखी के रूप में भी सक्रिय योगदान दे रही हैं। समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बदलाव भी आए हैं।

### धरनावदा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक प्रकरण में फरार आरोपी किया गिरफ्तार

**गुना।** जिले के धरनावदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे और उनकी टीम द्वारा एनडीपीएस एक्ट के एक प्रकरण में नशा तस्करों से स्मैक का खरीददार फरार आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि 9 जुलाई 2025 को धरनावदा थाना पुलिस द्वारा स्मैक तस्कर रामू केवट एवं दशरथ केवट निवासीगण ग्राम फतूखेडी थाना विजयपुर जिला गुना को 12.29 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया था। तत्समय आरोपियों ने पूछताछ पर उक्त स्मैक ग्राम शेखपुर निवासी इस्तियाक खान को बेचने के लिए जाना बताए जाने पर पुलिस ने प्रकरण में इस्तियाक खान को भी आरोपी शुमार कर एनडीपीएस एक्ट इजाफा की गई थी।